# 2018

## HINDI

( Major )

**( Bhasha-Vigyan )**

Paper : 6.2

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'यो-हे-हो सिद्धांत' के जन्मदाता का नाम लिखिए।

(ख) 'वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान' किसे कहते हैं?

(ग) 'एककालिक भाषा-विज्ञान' का दूसरा नाम क्या है?

(घ) 'कौवे की स्थिति' के आधार पर 'ई' किस प्रकार का स्वर है?

(ङ) 'स्वर-तंत्रियों' की स्थिति के आधार पर व्यंजन ध्वनियों के कितने भेद हैं?

(च) अग्र स्वर किसे कहते हैं?

(छ) 'जुगुप्सा' शब्द का मूल अर्थ क्या है?

**2.** संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) 'प्रोक्ति' किसे कहते हैं?

(ख) 'व्यतिरेकी भाषा-विज्ञान' की क्या उपयोगिता है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कोमल तालव्य ध्वनि' किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) अर्थबोध के दो प्रमुख साधनों का उल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) भाषा की उत्पत्ति के 'अनुकरण सिद्धांत' को स्पष्ट कीजिए।

(ख) "भाषा स्थूल से सूक्ष्म की ओर जाती है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) भाषा-विज्ञान के साथ मनोविज्ञान का संबंध निरूपित कीजिए।

(घ) वाक्य में संबंधतत्त्व के किन्हीं तीन कार्यों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वाक्य-रचना में परिवर्तन के किन्हीं दो कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**4.** भाषा के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए। 10

**अथवा**

भाषा-विज्ञान को परिभाषित करते हुए भाषा के अध्ययन के मुख्य विभागों पर प्रकाश डालिए।





**5.** व्यंजन किसे कहते हैं? उच्चारण-स्थान और प्रयत्न के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 10

**अथवा**

ध्वनि-परिवर्तन किसे कहते हैं? ध्वनि-परिवर्तन के विविध कारणों को स्पष्ट कीजिए।

**6.** वाक्य को परिभाषित करते हुए अर्थ और संरचना के आधारों पर वाक्य के विविध प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

अर्थ की परिभाषा प्रस्तुत करते हुए अर्थ-परिवर्तन की विविध दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

★★★